दिनांकः 20.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश की बारह संसदीय सीटों पर लगभग 57 दशमलव आठ आठ प्रतिशत मतदान हुआ। फॉर्म 17ए की जांच के बाद आज अंतिम मतदान प्रतिशत के आंकड़े सामने आएंगे। इन सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले लगभग छह प्रतिशत कम मतदान हुआ है। इनमें सबसे ज्यादा 66 दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान श्रीगंगानगर लोकसभा सीट पर हुआ। वहीं करौली–धौलपुर सीट पर सबसे कम 49 दशमलव सात एक प्रतिशत वोट डाले गये हैं।
इसके अलावा चूरू में 63 दशमलव पांच आठ, जयपुर में 63 दशमलव चार आठ, अलवर में 60 दशमलव तीन दो, सीकर में 58 दशमलव एक सात, जयपुर ग्रामीण में 57 दशमलव पांच दो, नागौर में 57 दशमलव तीन सात, दौसा में 55 दशमलव आठ सात, बीकानेर में 54 दशमलव चार एक, भरतपुर में 53 दशमलव तीन एक और झुंझुनूं में 52 दशमलव नौ आठ फीसदी मतदान हुआ।
वहीं दूसरे चरण के तहत प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार ज़ोर शोर से जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने आज शाहपुरा जिले के शकरगढ़ में पार्टी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा सिणधरी में सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और शाम को बालोतरा के नाकोड़ा में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चित्तौड़गढ़ में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी सी.पी. जोशी के समर्थन में रोड़ शो कर रहे हैं।
वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आज झालावाड–बारां संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार उर्मिला जैन भाया के पक्ष में छीपाबड़ौद में जनसभा की। श्री डोटासरा का कोटा–बूंदी से पार्टी प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के समर्थन में बूंदी में आमसभा करने का कार्यक्रम है।
प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल सांचौर जिले के भीनमाल में पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस के उम्मीदवार वैभव गहलोत के समर्थन में कल सांचौर जिले के चितलवाना ओर सरनाऊ में जनसभा करेंगे।

....

पहले चरण के तहत सम्पन्न जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण की लोकसभा सीटों की ईवीएम कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जयपुर के राजस्थान और कॉमर्स कॉलेज में बनाये गये स्ट्राँग रूम में रखी गयी हैं। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने आज इन स्थानों का जायजा़ लिया। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच ये ईवीएम रखी गयी हैं। श्री राजपुरोहित ने कहा कि चुनाव के दूसरे चरण में दूदू क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए मतदान प्रतिशत बढाने के प्रयास किये जाएंगे।

....

प्रदेशभर में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। सतरंगी सप्ताह के तहत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से आज हरे रंग की थीम पर हम भी सक्षम, राष्ट्र भी सक्षम के स्लोगन के साथ ट्राई साइकिल रैली का आयोजन किया गया। डूंगरपुर में भी जिला प्रशासन की ओर से ट्राई साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। जिला उपखंड अधिकारी ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। जैसलमेर में निकाली गयी रैली में दिव्यांग मतदाताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पाली जिले के रोहट और आस–पास के गांवों में दिव्यांगों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।

....

डूंगरपुर के गामड़ी अहाडा धमलात फला में कल पुलिस, प्रशासन और चाइल्ड लाइन की टीम ने बाल विवाह रुकवाया। यहां एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस

ने मौके पर पहुंचकर लड़की के बालिग होने के बाद ही शादी करवाने के लिए परिवार को पाबंद किया है।

....

प्रदेश में मौसम में उतार–चढ़ाव के बीच कल कई स्थानों पर तेज आंधी चली और बारिश हुई। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर ओले गिरने के भी समाचार हैं। हनुमानगढ़ जिले के पल्लू में आंधी और मेघ गर्जन के साथ ओलावृष्टि हुई। श्रीगंगानगर में तेज आंधी के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश रिकॉर्ड की गई है।
मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 42 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान कोटा में दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि कल एक और नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावी होने से बीकानेर, अनूपगढ़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु, नागौर और आस–पास के जिलों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ आंधी चलने और बारिश की संभावना है।

....